# अतिक्रमण की चपेट से सरकारी स्कूलों को मुक्त कराना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती

## जिले की 154 सरकारी स्कूलों में चिन्हित अतिक्रमणकारियों को 17 माह बाद भी नही हटा सका प्रशासन

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 नवम्बर। जिले की 154 सरकारी स्कूलों में चिन्हित अतिक्रमणकारियों को 17 माह बाद भी प्रशासन नही हटा सका। अतिक्रमण की चपेट से सरकारी स्कूलों को मुक्त कराना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है।**

जिले के 154 शासकीय स्कूल अतिक्रमण की चपेट में हैं। विद्यालय परिसर की शासकीय भूमि में अतिक्रमण का रकवा बढ़ता जा रहा है। वहीं जिम्मेदार अधिकारी विद्यालय परिसरों को अतिक्रमण मुक्त करने की पहल तो करते हैं लेकिन अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नहीं की जाती। शैक्षणिक सत्र शुरू होने के पहले स्कूलों की भूमि के अतिक्रमण को हटाने की कार्ययोजना करीब डेढ़ वर्ष पूर्व बनाई गई। कार्ययोजना का सीधी जिले में अभी तक पालन नहीं हो पाया है। स्थिति यह है कि जिले के प्रमुख शैक्षणिक संस्थान शासकीय मॉडल स्कूल के साथ ही विकासखंड मुख्यालयों की शासकीय उत्कृष्ट विद्यालयों की बेसकीमती भूमि भी अतिक्रमण की चपेट में हैं। पिछले वर्ष शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से पहले यानी मई 2024 में ही अतिक्रमण की चपेट वाली शासकीय स्कूलों का प्रतिवेदन जिला शिक्षा केन्द्र के माध्यम से कलेक्टर ने मंगवाया था। जिस पर सर्वे के दौरान जिले की 2299 शासकीय विद्यालयों में से 154 विद्यालय अतिक्रमण की चपेट में पाए गए थे। इसकी जानकारी कलेक्टर के समक्ष समीक्षा बैठक में प्रस्तुत की गई थी। समीक्षा बैठक के बाद अतिक्रमण हटाने की समय-सीमा निर्धारित की गई थी। इसके लिए तहसीलदार को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया। लेकिन नवम्बर 2025 का आधा समय बीत चुका है और अतिक्रमण हटाने की दिशा में कार्यवाही शुरू नहीं की जा सकी।

बताते चलें कि शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों के ज्यादातर शैक्षणिक संस्थानों की भूमि अतिक्रमण की चपेट में हैं। शैक्षणिक संस्थानों की अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराने राजस्व विभाग द्वारा पहल नहीं की जा रही है। जिससे शासकीय शालाओं की भूमि अतिक्रमणमुक्त नहीं हो पा रही है। राजस्व विभाग की निष्क्रियता के चलते अतिक्रमणकारियों के हौंसले बुलंद हैं और उनके द्वारा हर वर्ष अतिक्रमण का क्षेत्र बढ़ा लिया जाता है।




### अतिक्रमण से प्रभावित सीएम राइस व मॉडल स्कूल

जिले में महत्वपूर्ण सरकारी स्कूलों की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को लेकर भी जिम्मेदार अधिकारी संजीदा नहीं हैं। जिला मुख्यालय की शासकीय कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल सीएम राइज स्कूल के रूप में चिन्हित है। इस स्कूल की कोटहा में दो एकड़ से अधिक की भूमि अतिक्रमण की चपेट में है। करोड़ों की बेशकीमती भूमि में भारी अतिक्रमण होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही कराने की बजाय पूरी तरह से निष्क्रिय बने हुए हैं। वहीं जिला मुख्यालय के समीपी खजुरी में संचालित शासकीय मॉडल स्कूल की 10 एकड़ से अधिक भूमि अतिक्रमण की चपेट में है। विद्यालय प्रबंधन के लगातार पत्राचार के बाद भी राजस्व अमला अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नहीं कर रहा है।

### जिम्मेदारों की निष्क्रियता से नहीं हट रहे अतिक्रमण

जिले के शासकीय विद्यालयों की भूमि में छाए अतिक्रमण को चिन्हित करने के 17 माह बाद भी अतिक्रमण हटाने की कोई कार्यवाही न होने के पीछे संबंधित तहसीलदारों की निष्क्रियता है। जानकारों का कहना है कि शासकीय विद्यालयों की भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए कई दिनों तक काम करना पड़ेगा। इस वजह से संबंधित तहसीलदार इसको ठंडे बस्ते में डाले हुए हैं। उनके द्वारा चालू शैक्षणिक सत्र के आरंभ में अतिक्रमण हटाने की जो कार्यवाही करनी चाहिए उसको पूरी तरह से लीपापोती करने में जुटे हुए हैं। ऐसे में कलेक्टर को समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन न करने पर संबंधित तहसीलदारों से जवाब तलब करना चाहिए।

### अतिक्रमण की चपेट में आने वाले विद्यालय

| जनपद शिक्षा केन्द्र | स्कूलों की संख्या | अतिक्रमण युक्त शाला |
|---|---|---|
| कुसमी | 307 | 21 |
| मझौली | 378 | 46 |
| रामपुर नैकिन | 469 | 21 |
| सीधी | 604 | 51 |
| सिहावल | 541 | 15 |
| **कुल** | **2299** | **154** |

### इनका कहना है

जिले की 154 शालाओं की भूमि अतिक्रमण की चपेट में होने की जानकारी सामने आने पर इस पर कार्रवाई की जिम्मेदारी एसडीएम की है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी एसडीएम को ही सुनिश्चित करानी है।

**राजेश तिवारी, डीपीसी जिला शिक्षा केन्द्र सीधी**

# संसद खेल महोत्सव छत्रसाल स्टेडियम में आज से

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 नवम्बर। संसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ कल दोपहर 11 बजे स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम सीधी में आयोजित किया जाएगा।**

जिले में खेल संस्कृति को मजबूत करने और युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से होने वाला यह आयोजन सीधी जिले के लिए गौरव का अवसर है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, सीधी विधायक रीती पाठक एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति एवं जिला प्रशासन ने जिले के समस्त नागरिकों, युवाओं, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस भव्य कार्यक्रम का हिस्सा बनें और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें। संसद खेल महोत्सव आने वाले दिनों में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से जिले की प्रतिभाओं को एक व्यापक मंच प्रदान करेगा, साथ ही युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।




# पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर दो पटवारियों को कारण-बताओ सूचना पत्र जारी

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 नवम्बर। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र-82 धौहनी ने निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर दो पटवारियों-उदित नारायण सिंह हल्का करमाई एवं अखिलेश कुमार पनिका हल्का चमराडोल को कारण-बताओ सूचना पत्र जारी किया है।**

अधिकारी ने बताया कि 28 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ पुनरीक्षण कार्य में दोनों पटवारी बीएलओ की अनुपस्थिति एवं सहयोग की कमी की जानकारी समय पर प्रस्तुत नहीं कर सके, जिससे महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध उत्पन्न हुआ। यह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 32 का उल्लंघन है, जो दण्डनीय है। दोनों पटवारियों को 24 घंटे के भीतर निर्वाचक नामावली व एसआईआर से संबंधित दायित्वों का निर्वहन प्रारंभ करते हुए लिखित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जवाब असंतोषजनक होने या निर्धारित समय में प्रस्तुत न करने की स्थिति में कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# ग्राम रोजगार सहायकों की अनुपस्थिति पर कार्रवाई के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 नवम्बर। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र-82 धौहनी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 28 अक्टूबर 2025 से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य जारी है तथा अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी।**

आयोग के निर्देशानुसार बीएलओ को समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने हेतु मतदान केन्द्रवार शासकीय सेवकों की ड्यूटी लगाई गई है और एसआईआर कार्य नियत समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बताया कि 15 नवम्बर 2025 को क्षेत्र भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्र क्रमांक 23, 24, 26, 27, 28 ताला में ग्राम रोजगार सहायक प्रदीप गुप्ता तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 95, 96, 97 दादर में सचिव चिंतामणि पनिका एवं ग्राम रोजगार सहायक प्रदीप सिंह अनुपस्थित पाए गए।

साथ ही संबंधित बीएलओ द्वारा सहयोग न किए जाने की जानकारी भी प्राप्त हुई। यह स्थिति निर्वाचक नामावली जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य में असहयोग एवं कर्तव्य पालन में लापरवाही को दर्शाती है, जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 का उल्लंघन है तथा दण्डनीय भी है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मझौली को निर्देशित किया है कि अनुपस्थित एवं असहयोगी ग्राम रोजगार सहायक/सचिवों को अवगत कर अवैतनिक किया जाए। साथ ही ग्राम रोजगार सहायकों को चेतावनी जारी करते हुए निर्देशित किया गया है कि वे 16 नवम्बर 2025 से अपने क्षेत्र के बीएलओ को मतदाता सूची से संबंधित कार्य में आवश्यक सहयोग दें, अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की अनुपस्थिति पर कार्रवाई के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 नवम्बर। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र-82 धौहनी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 28 अक्टूबर 2025 से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य जारी है तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।**

आयोग के निर्देशानुसार बीएलओ को नियत समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने हेतु मतदान केन्द्रवार शासकीय सेवकों की ड्यूटी लगाई गई है तथा एसआईआर कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बताया कि 15 नवम्बर 2025 को क्षेत्र भ्रमण के दौरान विभिन्न केन्द्रों की कई आंगनवाड़ी कार्यकर्ता- दरिया की शकुन्तला सिंह, राजकली सिंह, देवकली सिंह, राजकुमारी सिंह, दियाडोल की राजकुमार पाण्डेय, रेखा सिंह, सिलवार की आशा तिवारी, डांगा के संतोष तिवारी, ताला की कुसुम चतुर्वेदी, आरती बैस, पुष्पा सोनी, राजकली गुप्ता तथा खड़ौरा की ममता साकेत, कीर्ति तिवारी एवं शैलजा शुक्ला अनुपस्थित पाई गईं। साथ ही संबंधित बीएलओ द्वारा सहयोग न किए जाने की जानकारी भी प्राप्त हुई। यह स्थिति निर्वाचक नामावली जैसे महत्वपूर्ण कार्य में असहयोग एवं कर्तव्य पालन में लापरवाही को दर्शाती है, जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के अंतर्गत दण्डनीय है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, जनपद पंचायत मझौली को निर्देशित किया है कि अनुपस्थित एवं असहयोगी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अवगत कर अवैतनिक किया जाए। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को चेतावनी जारी की जाए कि वे 16 नवम्बर 2025 से अपने क्षेत्र के बीएलओ को मतदाता सूची के एसआईआर कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान करें, अन्यथा कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# विवेकानंद एकेडमी छुही में बाल दिवस पर आनंद मेला का आयोजन, छात्रों ने उठाया लुफ्त

नवभारत न्यूज

**मझौली 16 नवम्बर। मझौली क्षेत्रांतर्गत स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल स्वामी विवेकानंद एकेडमी छुही ताला में बाल दिवस के अवसर पर आनंद मेला का आयोजन किया गया।**

जिसमें विद्यार्थियों के द्वारा कई प्रकार के व्यंजन जैसे गुलाब जामुन, ढोकले, भेल, चाट-फुल्की, मैगी, पास्ता इत्यादि के स्टॉल लगाए गए एवं निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमे कक्षा 7 से 11 तक के विद्यार्थी प्रतिभागी रहे। साथ ही विद्यालय प्रांगण में ही बच्चों हेतु भोजन की व्यवस्था की गई, जिसमें सभी कर्मचारियों ने अपना संपूर्ण योगदान दिया। बाल दिवस के इस कार्यक्रम में बच्चों ने खेल का आनंद लिया व विद्यालय के नन्हे-मुन्हे बच्चों द्वारा केक काटा गया, जहां बच्चों के अभिभावक शामिल रहे। मेले की रौनक देखकर सभी प्रफुल्लित हो उठे। सबके साथ व योगदान से कार्यक्रम सफल व आकर्षक रहा।

कार्यक्रम में विद्यालय की संचालिका नेहा गुप्ता, प्राचार्य सुरेन्द्र द्विवेदी, उपप्राचार्या कीर्ति द्विवेदी, शिक्षक-शिक्षिकाओं मे नीलम तिवारी, मानसी सुनानिया, वर्षा द्विवेदी, नैनिका द्विवेदी, अनिल कुमार, नेहा सोनी, राशी सिंह, दीक्षा सिंह, संध्या सोनी, अंकित गुप्ता, संध्या गुप्ता, सुमनलता सेन, अंकिता गुप्ता, स्वाती त्रिपाठी, लालजी गुप्ता, स्वर्णिमा सिंह, शिक्षा गिरी, शिल्पा पनिका, स्वाती मिश्रा, समीक्षा गिरी सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।




# सरस्वती शिशु मंदिर सुभाष नगर में आयोजित हुआ सप्तशक्ति संगम, 245 मातृशक्तियां रहीं उपस्थिति

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 नवम्बर। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की योजना अंतर्गत देश भर में आयोजित सप्तशक्ति संगम कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज सरस्वती शिशु मंदिर, सुभाष नगर सीधी में सप्तशक्ति संगम का भव्य एवं विधिवत आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति की कुल 245 बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।**

आयोजन की जिला संयोजिका श्रीमती सपना पाण्डेय ने प्रस्तावना में बताया कि श्रीमद्भगवद्गीता में वर्णित नारियों में प्राकृतिक रूप से विद्यमान सात गुणों का स्मरण कराने तथा माताओं-बहनों की गौरवशाली परम्परा के पुनर्स्थापन हेतु यह अभिनव आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रद्धा सिंह ने की। मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती श्रद्धा सिंह तथा श्रीमती शशि गौतम की प्रेरक उपस्थिति रही। विद्यालय के भैया-बहनों के परिवारों से आई मातृशक्ति ने पूर्ण मनोयोग के साथ सहभागिता की।

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए विद्यालय की बहनों ने वीरांगनाओं के वेशभूषा में आकर्षक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती संगीता सिंह एवं पूर्व छात्र सुश्री विभावरी तिवारी का सम्मान किया गया, जिसे सभी उपस्थित मातृशक्ति ने अत्यंत हर्ष के साथ सराहा। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन श्रीमती नीलिमा पाण्डेय के निर्देशन में श्रीमती अमिता तिवारी द्वारा किया गया। जिन्होंने पूरे गरिमामयी आयोजन को ऊर्जा और सहजता से आगे बढ़ाया।

कार्यक्रम में माताओं के बीच रसपूर्ण प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई, जिसमें बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला संयोजिका श्रीमती सपना पाण्डेय, सहसंयोजिका श्रीमती शशि सिंह, प्रतिमा सिंह तथा विद्यालय में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती गायत्री गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में कार्यक्रम की सफलता पर विद्यालय की सप्तशक्ति संयोजिका श्रीमती अमिता तिवारी ने आयोजन व्यवस्था में सहयोग देने वाली सभी दीदी श्रीमती प्रीति सिंह, उमेश कुमारी सिंह, प्रतिभा सिंह, मंदाकिनी तिवारी, हलीमा बेगम एवं आचार्यगण को साधुवाद दिया।




# एसआईआर में लापवाही पर बीएलओ को शोकाज नोटिस जारी

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 नवम्बर। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र-82 धौहनी ने बीएलओ को कारण-बताओ सूचना पत्र जारी किया है।**

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार 28 अक्टूबर 2025 से कार्य प्रारंभ हो चुका है तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाना निर्धारित है। आयोग के निर्देशानुसार धर्मजीत सिंह करमाई, छविलाल नापित चमराडोल एवं शिवशरण सिंह सेमरिहा को बीएलओ के रूप में नियुक्त किया गया है तथा उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर एसआईआर से संबंधित कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बताया कि 15 नवम्बर को क्षेत्र भ्रमण के दौरान संबंधित बीएलओ अपने कार्यक्षेत्र में अनुपस्थित पाए गए तथा उनके साथ संलग्न शासकीय सेवकों द्वारा भी सहयोग न किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। यह स्पष्ट करता है कि निर्वाचक नामावली जैसे महत्वपूर्ण कार्य में संबंधित कर्मचारियों द्वारा असहयोग कर अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है, जो सौंपे गए कर्तव्यों के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 32 के अनुसार निर्वाचक नामावलियों की तैयारी से संबंधित पदीय कर्तव्यों का भंग किया जाना आपराधिक कृत्य है एवं दण्डनीय है। अत: उनके विरुद्ध आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए जाने का प्रस्ताव है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने निर्देशित किया है कि नोटिस प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर निर्वाचक नामावली एवं एसआईआर से संबंधित दायित्वों का निर्वहन प्रारंभ करते हुए समक्ष में लिखित जवाब प्रस्तुत करें। निर्धारित समय में जवाब न देने या असंतोषजनक जवाब की स्थिति में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# बिरसा मुण्डा के 150 वी जयंती समापन पर प्राचार्य ने जताया आभार

नवभारत न्यूज

**कुसमी 16 नवम्बर। शनिवार को कुसमी ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टमसार में धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा जी के 150वी जयंती समापन वर्ष अंतर्गत जनजातीय गौरव दिवस जिला स्तरीय कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम के सांथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सम्पन्न हुआ।**

कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि, कार्यक्रम के अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि सहित सभी अतिथियों जिले के वरिष्ठ अधिकारी, सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों एवं कई हजारों की संख्या में पधारे सभी ग्रामीण जनों कलाकारों के प्रति प्राचार्य रामपाल सिंह द्वारा आभार जताया गया है।

ज्ञात हो की प्राचार्य द्वारा भोजन एवं टेंट पंडाल आदि की अच्छी व्यवस्था की गयी थी। 5 हजार से ज्यादा लोगों ने भोजन ग्रहण किए, भोजन में लजीज पकवान भी बनवाये गए थे। जिसकी अतिथियों एवं ग्रामीण जनों द्वारा सराहना भी की गयी। इस दौरान एकलव्य विद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टंसार के छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य, नाटक, स्वागत गीत, मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयीं।



# मतदाता सूची का सही और सटीक होना लोकतंत्र की बुनियाद : कमलेश्वर

## सिहावल विधानसभा नवनियुक्त कांग्रेस बीएलए का प्रशिक्षण आयोजित, कमलेश्वर पटेल और ज्ञान सिंह ने दिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 नवम्बर। म.प्र. कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश भर में निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने हेतु सिहावल विधानसभा तीनों ब्लाकों में नवनियुक्त बीएलए का विस्तृत प्रशिक्षण 16 नवम्बर को आयोजित किया गया।**

यह महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्व मंत्री एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल के मुख्य आतिथ्य में तथा जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह एवं सिहावल विधानसभा प्रभारी रविंद्र तिवारी की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का संचालन एवं प्रस्तुतीकरण संभागीय प्रवक्ता प्रदीप सिंह दीपू द्वारा किया गया। प्रशिक्षण का तीन स्तरीय आयोजन ब्लॉक सिहावल में सुबह 10:30 बजे, दीप पैलेस अमिलिया ब्लॉक बहरी में दोपहर 12:30 बजे सांडा भवन सभा कक्ष न्यू बस स्टैण्ड तथा ब्लॉक देवसर में दोपहर 2:30 बजे जनसंपर्क कार्यालय देवसर में हुआ। अंतिम सत्र में एसआईआर के समुचित क्रियान्वयन, बूथ स्तर पर समन्वय, बीएलओ के साथ तालमेल, संगठन की जवाबदेही और रिपोर्टिंग के स्वरूप पर विस्तृत चर्चा की गई। पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने बीएलए साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची का सही और सटीक होना लोकतंत्र की बुनियाद है। यदि एक भी पात्र व्यक्ति का नाम सूची से गायब रह जाता है तो यह लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन जैसा है। इसलिए बीएलए की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा संगठन तभी मजबूत होता है जब बूथ मजबूत हो। आगामी एसआईआर अभियान कांग्रेस के लिए सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं बल्कि जनता तक पहुंचने और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का अवसर है। हर बीएलए को बूथवार माइक्रो प्लान बनाकर घर-घर सर्वे करना है।प्रशिक्षण देते हुए संभागीय प्रवक्ता एवं प्रशिक्षण प्रभारी प्रदीप सिंह दीपू ने बीएलए को मुख्य निष्कर्ष बताया कि मतदाता सूची की त्रुटियों को दूर करने और सूची को अद्यतन करने पर विशेष ध्यान। घर-घर सर्वे, रिकॉर्ड सत्यापन और प्रमाणित दस्तावेजों की जाँच का अभ्यास। बीएलए के लिए स्पष्ट जवाबदेही एवं दैनिक रिपोर्टिंग व्यवस्था। बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की रणनीति। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख वरिष्ठजन अम्बिकेश पाण्डेय, रामनारायण सिंह, ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, शारदा सिंह, परमजीत पाण्डेय सहित सभी ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में बीएलए उपस्थित रहे।



### बीएलए कांग्रेस संगठन की आंख और कान : ज्ञान

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि यह सिर्फ तकनीकी कार्य नहीं है बल्कि राजनीतिक जिम्मेदारी भी है। बीएलए कांग्रेस संगठन की आंख और कान हैं। आपके द्वारा जुटाई गई सही जानकारी आने वाले चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाएगी। उन्होंने आगे कहा कि एसआईआर के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक बीएलए को बूथवार सर्वे कर यह सुनिश्चित करना होगा कि सटीक मतदाता सूची तैयार हो। हम सभी का उद्देश्य है एक भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई भी अपात्र नाम सूची में न रहे। उन्होंने यह भी कहा पिछले वर्षों में मतदाता सूची में भारी गड़बड़ियां पाई गई थीं। इस बार कांग्रेस संगठन बूथ तक सतर्क और सक्रिय रहेगा। प्रत्येक ब्लॉक में निगरानी समितियां बनाई जाएंगी जो प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करेंगी।